बिहार सरकार

**पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग**

बिहार, पटना।

(द्वितीय तल, विकास भवन, बेली रोड, पटना)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा संख्या**.......................

**आउटसोर्सिंग के आधार पर अभिलेखों की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन हेतु निविदा का आमंत्रण।**

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा इच्छुक निबंधित सॉफ्टवेयर एजेंसियों से विभाग द्वारा संधारित संचिकाओं, पंजियों एवं अन्य अभिलेखों के स्कैनिंग तथा डिजिटाइजेशन हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निबंधित एजेंसी दिनांक–24/04/2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के आवेदनों के साथ वांछित कागजात संलग्न कर अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में डालकर लिफाफों के उपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा लिखकर तथा बंद कर उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर मुहरबंद करते हुए लिफाफा पर शीर्ष **"पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के मुख्यालय हेतु स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन की निविदा"** लिखकर जमा करना होगा। निविदा अपर सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, विकास भवन, द्वितीय तल, बेली रोड, पटना को संबोधित करते हुए विभागीय प्राप्ति शाखा में प्रत्येक कार्यदिवस को अपराह्न 5:00 बजे तक (अंतिम तिथि को छोड़ कर) उपलब्ध करा सकते हैं। डाक से प्रेषित निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा को विभागीय वेवसाईट https://state.bihar.gov.in/ahd से डाउनलोड किया जा सकता है।

सरकार के अवर सचिव।

बिहार सरकार

**पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग**

बिहार, पटना।

(द्वितीय तल, विकास भवन, बेली रोड, पटना)

**निविदा संख्या**......................

**आउटसोर्सिंग के आधार पर अभिलेखों की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन हेतु निविदा का आमंत्रण।**

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा इच्छुक निबंधित सॉफ्टवेयर एजेंसियों से विभाग द्वारा संधारित संचिकाओं, पंजियों एवं अन्य अभिलेखों के स्कैनिंग तथा डिजिटाइजेशन हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निबंधित एजेंसी दिनांक–24/04/2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के आवेदनों के साथ वांछित कागजात संलग्न कर अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में डालकर लिफाफों के उपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा लिखकर तथा बंद कर उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर मुहरबंद करते हुए लिफाफा पर शीर्ष **''पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के मुख्यालय हेतु स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन की निविदा''** लिखकर जमा करना होगा। निविदा अपर सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, विकास भवन, द्वितीय तल, बेली रोड, पटना को संबोधित करते हुए विभागीय प्राप्ति शाखा में प्रत्येक कार्यदिवस को अपराह्न 5:00 बजे तक (अंतिम तिथि को छोड़ कर) उपलब्ध करा सकते हैं। डाक से प्रेषित निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।

(i) तकनीकी निविदा, विभागीय तकनीकी निविदा समिति के समक्ष दिनांक–24.04.2025 को अपराह्न 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता को स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि का उपस्थित रहना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा के दस्तावेजों के जाँच के पश्चात् तीन कार्य दिवस के उपरांत जाँच में सही पाये गये निविदाकर्ता को PPT Presentation हेतु पत्र/दूरभाष के माध्यम से आमंत्रित किया जायेगा। यदि निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं तो बाद में बैठक संबंधी निर्णय पर उनके द्वारा किसी प्रकार का अनुरोध मान्य नहीं होगाा। तत्पश्चात् तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।

(87)

(ii) वित्तीय निविदा, विभागीय वित्तीय निविदा समिति के समक्ष दिनांक–30.04.2025 को अपराह्न 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता को स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि का उपस्थित रहना अनिवार्य है।

(iii) तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में देना होगा एवं दोनों लिफाफा को एक बड़े मुहरबंद लिफाफा में सीलबंद करके जमा करना होगा। तकनीकी निविदा वाले लिफाफा पर तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा वाले लिफाफा पर वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए **तथा तीनों लिफाफा पर एजेंसी का नाम अंकित होना चाहिए**। अग्रधन (Earnest Money) की राशि 25,000=00 (रुपये पच्चीस हजार) मात्र का FDR जो Under Secretary-cum-DDO, Animal & Fisheries Resources Department, Vikash Bhawan, Patna के पक्ष में, निविदा के साथ जमा करना होगा। अस्वीकृत निविदा का अग्रधन वापस कर दिया जायेगा। तकनीकी निविदा की शर्तें कंडिका–2 में अंकित है। वित्तीय निविदा के तहत वांछित सेवाएँ यथा प्रति पृष्ठ के स्कैनिंग तथा डिजिटाइजेशन की दर अंकित करनी होगी। स्टोरेज के लिए हार्ड डिस्क विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

2. **निविदाकर्ता के लिए निम्नलिखित तकनीकी अर्हताएँ आवश्यक होगी :–**

(a) निविदाकर्ता के द्वारा कार्य अनुभव के लिए अनिवार्य रूप से न्यूनतम किसी भी एक सरकारी विभाग/कार्यालय का डाटा स्कैनिंग, डिजिटाइजेशन एवं स्टोरेज का कार्यानुभव।

(b) फर्म का जी.एस.टी. निबंधन प्रमाण पत्र के साथ–साथ वित्तीय वर्ष 2023–24 के अंतिम तिमाही का जी.एस.टी. रिटर्न का प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

(c) पैन संख्या और वित्तीय वर्ष 2023–24 का आयकर रिटर्न (A/Y 2024-25)।

(d) कंपनी/स्वामित्व/पार्टनरशिप का निबंधन प्रमाण पत्र।

(e) यदि कोई निविदादाता MSME श्रेणी में आता है तो उसे एतद् संबंधी प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

(f) निविदादाता को प्रथम श्रेणी के कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत्त शपथ पत्र जमा करना होगा कि निविदादाता को किसी भी सरकारी विभाग/संस्था द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है।

(g) निविदादाता के द्वारा निविदा के लिए समर्पित दस्तावेजों का इंडेक्सिंग एवं पृष्ठांकन करना आवश्यक होगा।

(h) डाटा स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा कार्यबल, कम्प्यूटर, हाई स्पीड स्कैनर (उचित document feeder के साथ), सर्वर आदि फर्म के पास उपलब्ध होना चाहिए।

(i) निविदादाता के द्वारा तकनीकी निविदा के साथ स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन के संबंध में कार्य करने की प्रक्रिया का PPT Presentation तकनीकी समिति एवं विभागीय आई०टी०प्रबंधक के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(j) उक्त सभी तकनीकी अर्हताओं का प्रमाण पत्र निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

**3. चयन का आधार :–**

(a) तकनीकी निविदा को दो चरणों में पूरा किया जायेगा।

(b) तकनीकी निविदा के प्रथम चरण में तकनीकी समिति, सभी निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दस्तावेजों को जाँच करेगी।

(c) प्रथम चरण के सफल तकनीकी निविदा को दूसरे चरण में तकनीकी समिति द्वारा विभागीय आई०टी०प्रबंधक की उपस्थिति में निविदादाता का PPT Presentation द्वारा स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन के कार्य करने की प्रक्रिया की जाँच की जायेगी। इसमें सफल निविदादाता को तकनीकी निविदा में अंतिम रुप से सफल माना जाएगा।

(d) तकनीकी निविदा में सफल होने के पश्चात् वित्तीय निविदा में सबसे कम कीमत अंकित करने वाली (L1) एजेंसी को "वर्क ऑर्डर" निर्गत किया जायेगा।

(e) सफल निविदादाता को Performance Security के तौर पर निविदा की कुल रकम का 5%, Bank Guarantee के रूप में जमा करना होगा जिसकी वैधता संविदा शुरू होने की तिथि से दो वर्ष तक मान्य होगी।

**4. सामान्य अनुदेश :–**

(a) निविदा अभिलेख का प्रत्येक पृष्ठ फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा सभी संलग्न अभिलेखों को हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।

(b) तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के आवेदनों को वांछित कागजात संलग्न कर अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में डालकर लिफाफों के उपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा लिखकर तथा बंद कर उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर मुहरबंद करते हुए लिफाफा पर शीर्ष **"पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के मुख्यालय हेतु स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन की निविदा"** लिखकर जमा करना होगा। साथ ही लिफाफों

(85)

पर एजेंसी का नाम अंकित होना अनिवार्य है। अर्हताओं से संबंधित कागजातों की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न की जाय तथा मूल प्रति माँगे जाने पर दिखाया जाना अनिवार्य होगा।

(c) वित्तीय निविदा हेतु प्रपत्र निम्नवत है :–

| S.N. | Description | Rate in INR (Figures & Words) Excluding GST |
|---|---|---|
| 1. | Letter / Document Scanning per side of sheet) | |

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर

5. **कार्य की प्रकृति :–**

(i) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के प्रशाखाओं/कोषांगों से प्राप्त आवेदनों/पत्रों/संचिकाओं/अभिलेखों को प्राप्त करना।

(ii) संचिकाओं/पंजियों/अभिलेखों के सभी पृष्ठों को Optical Character Recognition तकनीक का प्रयोग करते हुए PDF Format में स्कैन करना।

(iii) Scanning के उपरांत बनाई गई फाईल NIC के e-Office Software के Compatible होना चाहिए।

(iv) संबंधित शाखा/कोषांग से प्राप्त पत्रों/आवेदनों/संचिकाओं/अभिलेखों को संबंधित प्रशाखा/कोषांग में वापस लौटाना तथा इसका प्राप्ति हस्ताक्षर प्राप्त करना।

(v) संचालन व रख–रखाव/वार्षिक रख–रखाव अनुबंध एक वर्ष का होगा तथापि Scanning एवं Software से संबंधित कार्य 03 माह के भीतर पूर्ण कर लिया जायेगा। विशेष परिस्थति में आवश्यकतानुसार विभाग से अनुमति के पश्चात् यह अवधि बढ़ाई जा सकेगी।

6. **अन्य शर्तें :–**

1. अभिलेखों के क्षतिग्रस्त होने पर प्रतिपूर्ति की जबावदेही फर्म की होगी।
2. सेवा में टूट होने पर Performance Security राशि जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।
3. चयनित निविदादाता द्वारा सेवा उपलब्ध न कराने पर उपरोक्त अर्हता पूरी करने वाले अन्य निविदादाता से सेवा प्राप्त की जायेगी।
4. सफल निविदादाता को विभाग के साथ एकरारनामा करना होगा।

5. निविदा को बिना सूचना एवं कारण बताये रद्द करने का अधिकार अपर सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सुरक्षित रहेगा। विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

6. किसी भी विवाद के मामले में अपीलीय प्राधिकार (Arbitrator), अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना होंगे। तथापि, यदि मामले का समाधान नहीं हो पाता है तो इसका क्षेत्राधिकार माननीय पटना उच्च न्यायालय होगा।

सरकार के अवर सचिव।